दिनांक 24 सितम्बर 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में प्रबन्धक विभाग के तत्वावधान में एक संभाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन में इस तरह के कार्यक्रम सम्पूर्ण वर्ष सभी विभागों में कराये जाते है. इसी श्रृंखला में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई. भाषण प्रतियोगिता के शीर्षक थे– क्या महिलाएँ अच्छी प्रबन्धक है? ए.पी.जे. कलाम का चित्र रुपये पर होना चाहिए? क्या स्वच्छ भारत अभियान सफल होगा? प्राकृतिक आपदाओं के लिए मानव उत्तरदायी है? क्या कार्यक्षेत्र में मोबाइल पर प्रतिबंध होना चाहिए?

इस प्रतियोगिता में संभाग तृतीय के सभी संकायों (प्रबन्धन, वाणिज्य, कला– अर्थशास्त्र, हिन्दी, विज्ञान, गणित आदि) के स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियाँ दी. दीपशिखा प्रज्जवलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. यह कार्यक्रम मैनेजमैन्ट विभागाध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल व उनके सहयोगी प्रवक्ताओं के अथक प्रयासों से सम्पन्न हुआ. निर्णायक मंडल में डॉ० ऊषा चौधरी, विभागध्यक्षा अर्थशास्त्र, डॉ० रेनू महेश्वरी, विभागाध्यक्षा हिन्दी थी. इस प्रतियोगिता में क्रमशः मानसी (बी.सी.ए. प्रथम वर्ष), कविता (एम.एस.सी. फाइनल) तथा पूजा शर्मा (एम.ए. अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे.

सात्वना पुरस्कार दीपिका (एम.ए. अर्थशास्त्र अंतिम वर्ष) एवं योगेश (एम.ए. हिन्दी) को दिया गया.

विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि महोदय ने पुरस्कृत करते हुए बधाई दी. इस सुअवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व प्रवक्तागण उपस्थित थे.